तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 महिला दिवस पर हुईं जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा



12 उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक आदर्श ...






# होली पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक : मंत्री

## चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन में शामिल हुए मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री बलौदाबाजार इकाई द्वारा स्थानीय दशहरा मैदान स्थित यज्ञ परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में शहर के व्यापारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार व्यापार व उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा, कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सेन, चैंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के अमरजीत सलूजा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, विशेष सलाहकार अभिषेक मिकी तिवारी, मीडिया प्रभारीगण दलजीत सिंह ▶▶ शेष पेज 11 पर

### व्यापारियों और नागरिकों को एक मंच पर लाने का प्रयास

चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशेष सलाहकार अभिषेक मिकी तिवारी ने बताया कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य व्यापारियों और नागरिकों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में होली गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी लोगों ने आनंद लिया।



### गुलाल और फूलों की होली से गूंजा दशहरा मैदान

कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं पदाधिकारियों द्वारा मंत्री टंकराम वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे दशहरा मैदान में रंग, गुलाल और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने नगाड़ों की ताल पर होली गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## खबर संक्षेप

### 19 लीटर शराब जब्त दो गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में 10900 रुपए मूल्य के 19.62 लीटर देशी मदिरा जब्त किया। जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरी (स) में आरोपी चेतन पिता राजकुमार मनहरे 25 वर्ष सुंदरी के कब्जे से देशी मदिरा के 84 पौवा कुल 15.12 लीटर जब्त की गई। देशी मदिरा का बाजार मूल्य 8,400 रुपये होना पाया गया। इसी प्रकार आरोपी सतवंतीन बाई पति जोहार लाल मनहरे 54 वर्ष सुंदरी (स) के कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा मसाला कुल 4.5 लीटर जब्त की गई। देशी मदिरा का बाजार मूल्य 2,500 रुपये होना पाया गया। कुल दोनों प्रकरणों की जब्ती 19.62 लीटर है एवं बाजार मूल्य 10,900 रुपये हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



### कुकदा में पांच दिवसीय अखंड रामायण कल से

**पलारी**। समीपस्थ ग्राम पंचायत कुकदा में 11 मार्च से अखंड पांच दिवसीय रामायण प्रारंभ हो रही है। जय श्री राम रामायण समिति एवं ग्रामवासी कुकदा के सहयोग से आयोजित रामायण समारोह के संचालक रामनारायण वर्मा एवं संयोजक घनश्याम वर्मा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पलारी अंचल के समस्त मानस मंडलियों के साथ-साथ दूर दराज के मानस मंडलियों को भी इस रामायण समारोह में सम्मिलित होकर प्रभु श्रीरामचंद्र की महिमा कथा सुनाने आमंत्रित किया गया है। जय श्री राम रामायण समिति कुकदा द्वारा आयोजित रामायण समारोह का समापन हवन, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, शोभायात्रा एवं दीपदान के साथ 16 मार्च सोमवार को होगा।

## दुर्घटना : दहशत में लोग घर से बाहर निकले, बंद की गई बिजली सप्लाई

# बंद होटल में फटा सिलेंडर, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

नगर के सिमगा–बलौदाबाजार मार्ग स्थित संतोषी नगर में रविवार देर रात एक झोपड़ी नुमा चाय-नाश्ता दुकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद दुकान में रखा गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।इधर स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान के पास खाली जगह पर अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा खुलेआम शराब सेवन किया जाता है। कई बार मना करने के बावजूद लोग वहां शराब पीना नहीं छोड़ते ▶▶ शेष पेज 11 पर







### देखते ही देखते झोपड़ी जलकर खाक

जानकारी के अनुसार सड़क किनारे स्थित उक्त चाय-नाश्ता दुकान का संचालन पिछले कुछ वर्षों से एक झोपड़ी में किया जा रहा था। दुकान संचालक पिछले दो-तीन दिनों से यादव परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने रिश्तेदार के घर गया हुआ था, जिसके कारण दुकान बंद थी। रविवार रात करीब 11.15 बजे अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। आग तेजी से फैलते ही अंदर रखा गैस सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि झोपड़ी के ऊपर से 110 केवी बिजली लाइन भी गुजर रही थी, जिसकी तारें भी आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

### पास के मकानों को भी पहुंचा नुकसान

सिलेंडर ब्लास्ट के कारण पास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा। होटल से लगे मकान में रहने वाले परिवार के घर के बाहर लगा शटर, वेंटिलेशन का कांच, दीवान तथा छत पर लगा दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विद्युत सप्लाई बंद करवाई। इसके बाद टूटे हुए तारों को अलग कर पास के बोर पंप से पानी लाकर आग पर काबू पाया गया। पीड़ित मकान मालिक के अनुसार इस घटना में उनके घर को करीब 50 से 60 हजार तक का नुकसान हुआ है। उन्होंने मुआवजे की मांग करते हुए तहसील कार्यालय सुहेला में आवेदन भी प्रस्तुत किया है।

# सम्बलपुर में बुनकर प्रशिक्षण का अवलोकन करेंगी महिलाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- राजस्व मंत्री ने दिशा दर्शन भ्रमण बस को दिखायी हरी झंडी और किया रवाना

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला ऑडिटोरियम परिसर से दिशा दर्शन भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण दल में स्व सहायता समूह की 80 महिलाएं सम्बलपुर में बुनकर प्रशिक्षण का अवलोकन व अध्ययन करेंगी। राजस्व मंत्री वर्मा ने भ्रमण में जाने वाली महिलाओं के लिये भोजन व विश्राम की उपयुक्त व्यवस्था सहित आने -जाने में सुरक्षा व सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने महिलाओं को अध्ययन भ्रमण में जाने पर शुभकामनाएं दीं और हुनरमंद बनने कहा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

# धान में रेत की मिलावट, निपनिया खरीदी केन्द्र प्रभारी बर्खास्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा/बालौदाबाजार

जिला प्रशासन ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित निपनिया में धान खरीदी में हेराफेरी करने वाले प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सेवा से पृथक (बर्खास्त) कर दिया है।

उपार्जित धान में रेत मिलाकर व्यक्तिगत लाभ के नीयत से हेराफेरी कर गबन करने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई हैं।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित निपनिया के धान उपार्जन केन्द्र निपनिया में उपार्जित धान के बोरों में रेत, कंकड़ धूल-मिट्टी मिलाने संबंधी वायरल वीडियो की संयुक्त जांच दल द्वारा 8 मार्च को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर उपायुक्त सहकारिता द्वारा उपार्जन केन्द्र निपनिया के धान खरीदी प्रभारी लीलाराम सेन को पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर जवाबदेही तय करते हुए छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 55 (1) के उपबंधों के अधीन जारी कर्मचारी सेवानियम 2018 के नियम क्रमांक 16 के तहत सेवा से पृथक करने की कार्रवाई के लिए अनुशंसा प्राधिकृत अधिकारी को की गई। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त कृत्य के लिए धान खरीदी प्रभारी, धान उपार्जन केन्द्र निपनिया लीलाराम सेन को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई।



### 5300 कट्टों में रेत मिलाने की पुष्टि

प्राप्त प्रतिवेदन में धान उपार्जन केन्द्र निपनिया के भौतिक सत्यापन में 137.20 क्विंटल धान अधिक पाया गया है। प्रतिवेदन में धान खरीदी प्रभारी लीलाराम सेन द्वारा हमालों के माध्यम से लगभग 5300 कट्टों में 2 से 3 किलो रेत मिलायी गयी है व मिलायी गई रेत के बराबर लगभग 132 क्विंटल धान का व्यक्तिगत लाभ के नियत से हेराफेरी कर गबन किया जाना प्रतिवेदन किया गया।

### प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

सिमगा। कामता सोसायटी प्रबंधक द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरती गई है, जो कि वायरल वीडियो से प्रतीत हो रहा है। धान उपार्जन केन्द्र कामता में उपार्जित धान में मिलावट करना एवं उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गये निर्देशों एवं अपनी पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उपेक्षा बरती गयी है, जिससे संस्था की साख भी धूमिल हुई है। इस संबंध में सोसायटी अध्यक्ष रोहित साहू द्वारा 10 मार्च तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया गया है।

## प्रतिभागियों को उद्यमिता की अवधारणाओं से कराया परिचय

# आईआईएम और एमएसएमई ने आयोजित किया उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



आईआईएम रायपुर एवं डीसी एमएसएमई, भारत सरकार द्वारा सोमवार को जिला पंचायत सभागार में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उद्यामिता की महत्वपूर्ण अवधारणाओं से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने उद्यमशील मानसिकता का विकास, जिला-विशिष्ट व्यावसायिक अवसरों की पहचान, एमएसएमई योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से संबंधित जानकारी, संस्थागत सहयोग एवं ऋण सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति एवं नवीन स्टार्टअप नीति से संबंधित प्रावधानों की जानकारी तथा विशेषज्ञों एवं सफल उद्यमियों के साथ संवाद का अवसर भी उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, जीएमडीआईसी गुनेश्वरी साहु सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।



# मार्च की गर्मी में ट्रेनों का सफर हुआ मुश्किल, लोकल से एक्सप्रेस तक जनरल कोच में पंखे बंद, छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में लगे पंखे की धीमी रफ्तार और खराबी के कारण यात्रियों का गर्मी में सफर करना अब मुश्किल होने लगा है। जोन के साथ-साथ दूसरे जोन की ट्रेनों के जनरल कोच में लगे 3 से 6 पंखे या तो पूरी तरह बंद हैं या इतनी धीमी गति से चल रहे हैं कि यात्रियों तक हवा ही नहीं पहुंच रही है। हरिभूमि ने ट्रेनों में लगे पंखों की पड़ताल की, जिसमें हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर जैसी ट्रेनों के जनरल कोच में एक दर्जन से अधिक पंखे बंद पाए गए। वहीं लोकल ट्रेनों के तीन से ज्यादा कोच में पंखों की रफ्तार बेहद धीमी मिली। हसदेव एक्सप्रेस के जनरल और सेकंड क्लास के चार कोच में 6 से अधिक पंखे बंद मिले, जबकि इतवारी मेमू में भी खराब पंखों की संख्या आधा दर्जन से अधिक रही।

मार्च के महीने में ही बढ़ती गर्मी ने यात्रियों को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय पंखे बंद होने के कारण उमस इतनी बढ़ जाती है कि यात्री अपनी शर्ट उतारकर सफर करने को मजबूर हैं। सामान्य भीड़ होने पर तो खिड़की से आने वाली हवा से थोड़ी राहत मिल जाती है, लेकिन कोच में भीड़ बढ़ने के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों में मार्च में यह हाल है तो अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में यात्रियों की दिक्कतें बहुत बढ़ जाएंगी।

## हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर के जनरल कोच में बंद पंखे





### एक्सप्रेस ट्रेनों का भी यही हाल जनरल कोच में पंखे मिले बंद

लोकल ट्रेनों की तुलना में एक्सप्रेस ट्रेनों के पंखे खराब होने की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। रक्सौल, समता, हावड़ा-मुंबई और समरसता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल कोच में 1 से 3 पंखे पूरी तरह बंद पाए गए। इसके अलावा लगभग इतने ही पंखे बेहद धीमी रफ्तार से चल रहे थे। दोपहर के वक्त जनरल कोच में भारी भीड़ होती है। ऐसे में जब ट्रेन किसी स्टेशन या आउटर पर रुकती है तो उमस और गर्मी से यात्रियों के पसीने छूटने लगते हैं। कई कोच में तो हालात ऐसे थे कि लगातार दो पंखे एक साथ बंद पड़े थे। यह अव्यवस्था मुख्य रूप से जनरल कोच के यात्रियों पर सबसे भारी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्वरंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए रविवार को पुलिस लाइन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व. विश्वरंजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा पुलिस सेवा के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि देने वालों में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक राजीव माथुर, संतकुमार पासवान, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी लाल नायक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यूआर नेताम, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक भारत सिंह, पीएन तिवारी, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रवीर दास, एनकेएस ठाकुर, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के संरक्षक जीएस भामरा, अध्यक्ष बलराम हिरवानी, कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद उपाध्याय सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा "जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला 7 से 9 मार्च तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में "संग्रहालयों के संचालन में जिला पुरातत्वीय संघों की भूमिका" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रो. आरएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पीसी पारख, प्रभात कुमार सिंह, डॉ. अरुंधति परिहार, रोशनी शर्मा, डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, डॉ. राजीव मिंज, विष्णु नेताम, समीर टल्लू, मुकेश जोशी, अमर भरतद्वाज, नूतन एक्का एवं अरुण निर्मलकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में लकड़ी के बैट से सिर फोड़कर फरार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बैरन बाजार इलाके में देर रात एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में एक युवक ने अकारण गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के बैट से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक विद्यानगर बैरन बाजार का निवासी है और पेशे से प्लंबर है। उसने पुलिस को बताया कि वह इलाके के रहने वाले अंशुल बघेल को पहले से जानता है। 7 मार्च की रात करीब 11 बजे वह विद्यानगर स्थित शिव मंदिर के पास बैठा हुआ था।

## निर्माता दवा कंपनी नहीं कर पा रही सप्लाई, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में शार्टेज

# इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी की सप्लाई ठप, बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्लैडर कैंसर की पीड़ा से जूझ रहे मरीजों के सामने पिछले कुछ समय से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इनके लिए इम्यूनोथैरेपी के रूप में उपयोग की जाने वाला ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी के इंजेक्शन की अस्पतालों के साथ दवा बाजार में किल्लत हो गई है। इस दवा की प्रमुख निर्माता कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीजों की चिंता बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े कारोबारियों का तर्क है कि इसकी सप्लाई मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद ही संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को दोबारा पनपने से रोकने के लिए ऑन्को-बीसीजी इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन को जरूरी माना जाता है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह थैरेपी एक निश्चित समय के बाद मरीजों को दी जाती है। यह इंजेक्शन बहुत रुटीन में नहीं है, इसलिए सामान्यतः इसकी शार्टेज होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पिछले कुछ समय से इसकी उपलब्धता राजधानी की निजी अस्पतालों के साथ दवा बाजार में नहीं है, जिसकी वजह से एक नियत अवधि में इसे लगवाने वाले मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने जब संबंधित इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में दवा बाजार में इन्वेस्टीगेशन किया तो पता चला कि पिछले पंद्रह-बीस दिनों से निर्माता कंपनी इसकी सप्लाई नहीं कर रही है। बाजार में मौजूदा स्टॉक भी खत्म हो गया और कंपनी से नई खेप आने का इंतजार किया जा रहा है। दवा कारोबारियों के मुताबिक, सिप्ला कंपनी का यह इंजेक्शन दवा दुकानों में तो दूर, नागपुर के डिपो में भी नहीं है। इसकी शार्टेज छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में बनी हुई है। दवा कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों को डिमांड भेजी जा चुकी है, मगर इसकी आपूर्ति मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही होने का अनुमान है।

## अस्पतालों के साथ दवा बाजार में भी नहीं मिल रही, दूसरे पखवाड़े बाद ही राहत





### औषधि विभाग की नजर भी

बाजार में दवा की उपलब्धता को सामान्य बनाए रखने की जिम्मेदारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की होती है। ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की सप्लाई बाधित होने के बाद विभागीय अधिकारी इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें यह भी बताया गया कि सिप्ला कंपनी के नागपुर डिपो में भी इस इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है।

### शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को करता है मजबूत

*यह इंजेक्शन मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग सभी मरीजों के लिए नहीं किया जाता है। 'इंट्रावेसिकल इम्यूनोथैरेपी' कैंसर की कोशिकाओं से शरीर को लड़ने के लिए मजबूत करती है।*

*- डॉ. आशुतोष गुप्ता, ऑन्कोलाजिस्ट, आंबेडकर अस्पताल*

### शार्टेज बनी हुई है

*ऑन्को-बीससीजी 40 एमजी की सप्लाई पिछले कुछ समय से कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। संबंधित कंपनी के डिपो में भी स्टॉक नहीं है। संभावना है कि माह के दूसरे पखवाड़े में बाजार में इसकी उपलब्धता हो जाएगी।*

*- ठा. राजेश्वर सिंह, दवा कारोबारी*

# 19 मार्च को हिन्दू नववर्ष, नगर में निकाली जाएगी प्रभातफेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इस वर्ष 19 मार्च से हिन्दू संवत्सर 2083 प्रारम्भ होने जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में भाटापारा में पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के मार्गदर्शन में संचालित संगठन धर्म संघ, पीठपरिसद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी एवं क्षेत्र के अन्य धार्मिक संगठनों द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है। आयोजन भव्य बनाने मारवाड़ी कुवा शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

आदित्यवाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा ने बताया की पुरिपीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य भगवान के कृपा पात्र शिष्य पीठपरिसद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. झम्मन शास्त्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र में धार्मिक आयोजन किये जाते हैं। हिन्दू नववर्ष जिसे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के रूप में मनाया जाता है।

बैठक में प्रभातफेरी का मार्ग रामनाम सप्ताह से निकलने वाली रथयात्रा के मार्ग को ही तय किया गया है, जो कि सुबह 6 बजे प्रारम्भ हो कर पूरे शहर के मुख्य मार्गों से होते हुवे रामनाम सप्ताह में ही विराम होगी ।जिसके लिए शहर के सभी सनातनियो को इसमें जोड़ने के लिए रूपरेखा बनाई गई है। शहर के मुख्य स्थान जय स्तम्भ चौक में लगे सनातनी ध्वज को विधि विधान से पूजन कर नया ध्वज लगाया जाएगा।

पीठपरिसद के सदस्यों द्वारा सबसे अपील की गई कि अधिक से अधिक लोगों को इसमें जोड़ने का प्रयास किया जाए। बैठक में पीठपरिसद, आदित्यवाहिनी एवं अन्य धार्मिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

# नया रायपुर बनेगा सोलर सिटी, क्रेडा ने प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने पहले चरण में 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है।

- क्रेडा ने बनाई अलग-अलग विभागों के लिए योजना, राज्य सरकार को भेजा मंजूरी के लिए

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। आवासीय कॉलोनियों के लिए भी रेस्को मॉडल में काम हो रहा है।

### इन विभागों की योजना तैयार

*नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट, राज्य योजना आयोग के लिए 90 किलोवाट, इंस्टीट्यूट होटल मैनेजमेंट के लिए 80 किलोवाट, लोक निर्माण विभाग डिवीजन 3 के लिए 70 किलोवाट, छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग के लिए 60 किलोवाट, डेवलपमेंट कमिश्नर ऑफिस के लिए 55 किलोवाट, सचिव स्टेट इनफार्मेशन कमीशन के लिए 50 किलोवाट, सचिव राज्य चुनाव आयोग के लिए 45 किलोवाट सहित अन्य विभागों में 30-30 किलोवाट की योजना तैयार की है।*

### सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

*नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।*

*- भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष क्रेडा*

# टी-20 क्रिकेट में भारत की जीत पर पलारी में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

टी 20 विश्व कप के फाइनल में भारत की शानदार जीत के बाद पलारी नगर में देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा। जैसे ही टीम इंडिया ने खिताब अपने नाम किया, पूरे नगर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। नगर पंचायत पलारी के दशहरा मैदान में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के द्वारा विशाल प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई थी, जहां सैकड़ों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी, युवा, बच्चे, बुजुर्ग और स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी मैच के ऐतिहासिक पल को देखने के लिए एकत्र हुए थे। पूरे मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

भारत की जीत होते ही पूरा मैदान भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। समर्थकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी, और आतिशबाजी के साथ पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा, हमें पूरा विश्वास था कि टीम इंडिया इस बार खिताब जरूर जीतेगी। यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व और गौरव का क्षण है।

गोपी साहू ने सभी नागरिकों को टीम इंडिया की जीत की बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नगरवासियों को एक साथ लाकर इस ऐतिहासिक जीत का सामूहिक उत्सव मनाना था।

देर रात तक नगर में समर्थक ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाते रहे तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा करते रहे। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी, मनीष चंद्राकर, शेखर वर्मा कुश अग्रवाल, साधराम साहू, शेरखान, हर्षू वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, कुमार धीवर, प्रकाश सेन, उमाशंकर कश्यप, चंदन साहू, तुका वर्मा सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# रोशनी छीन सकता है ग्लूकोमा, सप्ताहभर होगी सभी सरकारी अस्पतालों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्लूकोमा यानी काला मोतिया आंखों की रोशनी छीन सकता है। इससे प्रभावित लोगों के आंखों की रोशनी वापस नहीं लाई जा सकती, मगर दवा के नियमित उपयोग से इससे बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान सप्ताहभर तमाम सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच की जाएगी। पिछली बार अभियान के दौरान प्रदेश में करीब पांच सौ लोगों को इसका संदिग्ध पाया गया था। नियमित दवा से ज्यादातर पीड़ितों की समस्या को नियंत्रित कर लिया गया और सर्जरी वाली स्थिति में दर्जनभर ही पहुंचे।

- पिछली बार मिले थे लगभग पांच सौ संदिग्ध, नियमित दवा ने बचाई रोशनी

स्वास्थ्य विभाग के अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 8 से 14 मार्च तक प्रदेशभर में ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कालेजों तक आने वाले 40 साल से अधिक आयु वाले मरीजों के आंखों में ग्लूकोमा की जांच की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक बार-बार चश्मे का नंबर बढ़ना और सिरदर्द को सामान्य समस्या माना जाता है, मगर इसका कारण ग्लूकोमा भी हो सकता है।




### तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम

ग्लूकोमा सप्ताह के पहले दिन तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम के माध्यम से महिला समूह को नेत्र परीक्षण कराने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला नोडल अधिकारी डॉ. समतरंगारी ने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए जांच कराना ही एकमात्र उपाय है, इसलिए जांच कराने में लापरवाही न बरतें और जांच अवश्य कराएं।

### क्या है ग्लूकोमा

जिला सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि ग्लूकोमा को सामान्य भाषा में 'काला मोतिया' या 'काचबिंदु' भी कहा जाता है। यह आंखों की एक गंभीर बीमारी है। इसमें आंख के अंदर तरल पदार्थ (फ्लूइड) जमा होने से दबाव बढ़ जाता है, जिससे ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) को नुकसान पहुंचता है। यह तंत्रिका ही आंखों से मस्तिष्क तक संकेत भेजती है, जिससे हम देख पाते हैं। इसके शुरुआती लक्षण में धुंधली दृष्टि, आंखों में दर्द, चश्मे का नंबर बार-बार बदलना होता है।

## सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

# सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन हजार करोड़ बकाया, 600 करोड़ मिले

*प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने का संभावना है। इसके बाद वैसे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।*


# जोन दफ्तर के परिसर में महिला सफाई कर्मियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-8 के महोबा बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित 50 महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए उन्हें और स्वच्छता दीदियों को मंच से सम्मानित किया। महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान करते हुए उन्हें इस मौके पर बधाई दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा समेत अन्य की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप





### रंग पंचमी पर मितानिनों व पंचों का हुआ सम्मान

**कसडोल।** ग्राम पंचायत कोटियाडीह में मितानिन दिवस एवं रंग पंचमी होली मिलन में मितानिनों एवं पंचों को साड़ी एवं गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। सरपंच शिवकुमार साहू ने मितानिनों की तारीफ करते हुए कहा कि मितानिनें बहुत मेहनत करती हैं। सरकार के आदेश का पालन करते हुए कार्य करती हैं। इस मौके पर उप सरपंच सतवन्तीन साहू, जमुना यादव, नीलम साहू, राजेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, शुकवारा बाई साहू, सुमित्रा बाई साहू, चंद्रिका बाई कैवर्त्य, तिहारिन बाई साहू, भरत साहू, तिरथराम साहू एवं समस्त पंचगण और मितानिनों में अश्वनी साहू, राधिका बाई साहू, योगेश कुमारी साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी शामिल हुए।

### युवक के से मारपीट

**महासमुंद।** मकान का किराया नहीं देने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अंकित कुमार सिंह बसना ने बताया कि वह स्टील फेब्रिकेशन का काम करता है। उसने तैयूब खान के गोदाम को करीबन 02 साल से किराया में लिया हुआ है और पिछले 3 माह से गोदाम का किराया नहीं दे पाया है। 8 मार्च की शाम करीबन 04.30 बजे अपनी दुकान के शटर के पास खड़ा था, तभी तैयूब खान का भतीजा आबिद खान, सैफ खान, आफताब अन्य साथियों के साथ आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया।

## पेज 9 के शेष

### होली पर्व प्रेम...

चावला, दिलीप माहेश्वरी, उपाध्यक्ष शंकर दुलानी, श्याम सुंदर केसरवानी, हेमचंद केसरवानी, रामगोपाल केसरवानी, रमेश मिश्रा, कृष्णानंद अग्रवाल, सतीश साहू, नरेश भट्टर, संजू पटेल, वासु ठाकुर, विनय गुप्ता, राजेश बाबा केसरवानी, नवनीत अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, संजय नारायण केसरवानी, पवन जायसवाल, संतोष चक्रधारी, रोमी सलूजा, पीयूष मिश्रा, रविकांत अग्रवाल, दिनेश वर्मा, ऋषभ जैन, नितिन गुप्ता, उमेश अग्रवाल, प्यारे लाल सेन, धीरज बाजपेयी, प्रेम नारायण केसरवानी, लक्ष्मी केसरवानी, मनीष सोनी, सूर्या हरिरमानी, आयुष बरनवाल, नानक पंजवानी, इंदु इंजवानी, राजेश रोहरा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नागरिक मौजूद थे।

### बंद होटल में ...

और आसपास रहने वाले परिवारों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बनी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने कहा कि अभी तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया गया है और रिपोर्ट दर्ज हो जाने के बाद जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**आयोजन : खेल स्पर्धा में कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मल्लखम्ब, बैडमिंटन प्रतियोगिता हुईं**

# महिला दिवस पर हुईं जिला स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता हुई। विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

खेल स्पर्धा में कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मल्लखम्ब, बैडमिंटन आदि खेल को शामिल किया गया था। कुर्सी दौड़ में प्रथम किरण, द्वितीय पार्वती वर्मा, तृतीय सुशीला, भौंरा में प्रथम शशि द्वितीय सरिता नायक, तृतीय प्रितम वर्मा, फुगड़ी में प्रथम जगेश्वरी, द्वितीय धनेश्वरी, तृतीय भारती, मल्लखम्ब में प्रथम अनाया ठाकुर द्वितीय शिवकुमारी तृतीय अंजली एवं बैडमिंटन में प्रथम अपराजिता द्वितीय तान्या एवं तृतीय मणिकर्णिका रही।

खेल अधिकारी प्रीति बंछोर ने बताया कि उक्त खेलो के विजेताओं को खोड़स कश्यप, हेमंत टिकरिहा एवं सुनीता वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण किया तथा समस्त खिलाड़ियों का अभिवादन किया गया। महिला खेलकूद प्रतियोगिता में आए सभी बालिकाओं एवं महिला खिलाड़ियों को अपने जीवन में खेल को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।







## पंतजलि योग समिति ने किया खेल का आयोजन

**पलारी।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में नगर में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह आध्यात्मिक संगठन महिलाओं के साथ मिलकर यज्ञ पूजन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहीं मंजू वर्मा ने महिलाओं को शिक्षा सेवा संस्कार धैर्य और साहस पूर्वक आगे बढ़ाने कहा। विशिष्ट अतिथि नंदिनी चंद्राकर ने अपने पुराने दिनों का स्मरण दिलाते हुए कहा कि एक समय था कि लड़कियों को पढ़ने नहीं दिया जाता था और आज वह कहां से कहां पहुंच गई, चाहे कोई भी क्षेत्र हो देश की गौरव बन गई है। पूर्व जनपद सदस्य भारतीय वर्मा ने कहा महिलाएं किसी से कम नहीं। हमारे देश की राष्ट्रपति महिला ही है, हमारे कसडोल क्षेत्र की विधायिका बेटी सुश्री शकुंतला रही है। पूर्व पार्षद तुकेश्वरी वर्मा ने नारियों को सात गुण कीर्ति, स्मृति, क्षम, मेधा, श्री वाक सभी गुणों को धारण करने कहा। इस दौरान मनोरंजन के लिए खेल प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम टुकेश्वरी वर्मा, द्वितीय धनेश्वरी, आदित्य, प्रीति, शांति साहू रही। मंच का संचालन जिला प्रभारी मीना साहू ने किया आभार व्यक्त तहसील प्रभारी हेमलता कनौजे ने किया। सभी तहसीलों से आए सहयोग शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में सरिता वर्मा, कल्पना वर्मा, कांति साहू, पूर्णिमा बघेल, पप्पू वर्मा, मधुरानी सारसीहा, उत्तरा पैकरा, कविता सारसीहा, मंजू साहू, हेमलता वर्मा, संगीता वर्मा, पुष्पा फेकर, सीता देवांगन, उमेश्वरी देवांगन, प्रगति तिवारी, सुनीता तिवारी, बलौदाबाजार से नेहा साहू, अंजलि साहू, कांति निषाद, रेखा देवांगन, प्रभा कन्नौजे, कविता बंजारे, सुमित्रा बंजारे आदि उपस्थित थीं।



## छात्राएं आत्मनिर्भर बनकर लक्ष्य करें हासिल

**लवन।** शासकीय महाविद्यालय लवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एसके भट्ट ने की।मुख्य अतिथि सुश्री असीम प्रभा पैकरा, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग उपस्थित रहीं।



मुख्य अतिथि असीम प्रभा पैकरा ने महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व तथा समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया ।

प्राचार्य डॉ. एसके भट्ट ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन तुलसी पैकरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा भाषण, कविता पाठ तथा विचार प्रस्तुत किए गए, जिनमें महिला सशक्तिकरण और समानता का संदेश दिया गया अंत में सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उक्त आयोजन में सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा, आरके खांडेकर, हर कुमारी पटेल, धनंजय हिरवानी, भीम प्रकाश बौद्ध, अतिथि व्याख्याता डॉ. स्नेह गुप्ता, डॉ. यशवंत यादव, संजय डड़सेना, जनक नंदनी रातडे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नारी शक्ति शिखर सम्मान से गूंजा श्री नारायणी नवल धाम

**भाटापारा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 पर किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा भव्य नारी शक्ति शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री नारायणी नवल धाम में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर शहीद सैनिकों को नमन और उनके परिवारजनों के सम्मान के साथ हुई। संस्था ने शहीदों के परिजनों को स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर उनके बलिदान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्विनी शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष, हेमसागर सिदार एसडीओपी पुलिस, तारेश साहू, आरपी पटेल थे। अतिथियों ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा समाज सेवा, खेल, शिक्षा, कला समाज सेवा, चिकित्सा, अधिवक्ता, डांस, गायन, पुलिस एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट 267 विभूतियों का सम्मान किया गया, जिसमें भाटापारा के सिंधी समाज, पंजाबी समाज, अग्रवाल समाज एवं अन्य समाज महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे नृत्य, गायन आदि प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक महिलाओं की उपस्थित रही। आयोजन में प्रीति शाह, डॉ. वीणा साहू, सीमा मल, अनिता छाबड़ा, बरखा काछेला, प्रतिमा गुप्ता, शिवानी शर्मा, दिलप्रीत कौर, गुलशन वर्मा, सूरज शर्मा, प्रकृति साहू, पूजा देशमुख, सुरति साहू, रिया मिश्रा, निवेदिता वर्मा, यसदीप छाबड़ा, बलवंत छाबड़ा, भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी की छात्राओं द्वारा विशेष सहयोग दिया।

## नारी शक्ति के बिना समृद्ध समाज की कल्पना अधूरी

**पलारी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पंचायत में एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और समाज के निर्माण में उनके योगदान की सराहना की।

> ■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संदीप साहू

विधायक संदीप साहू ने कहा कि समाज को संस्कार विचार और आकार देने में महिलाओं का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा नारी शक्ति की अदम्य साहस और उल्लेखनीय उपलब्धियों ने हर क्षण हमारे हृदयों को गौरवान्वित किया है। एक परिवार से लेकर राष्ट्र के विकास तक महिलाओं ने अपनी योग्यता को लोहा मनवाया है। विधायक ने आह्वान किया कि हम सभी महिलाओं की गरिमा बनाए रखने और उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कहा आज के दौर में नारी शक्ति की भागीदारी केवल घर तक सीमित नहीं है हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षा राजनीति और व्यापार जैसे हर क्षेत्र में उन्हें समान प्रतिनिधित्व मिले। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और स्व-सहायता समूह की सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का साहस ही समाज की असली ताकत है। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जांगडे ने कहा कि भारत में महिलाएं को 33 प्रतिशत आरक्षण उनका सम्मान किया है मंच पर अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी गोपी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सविता भीम यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा यशवर्द्धन मोनू वर्मा, पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा आदि की उपस्थिति रही।



## स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का महिला दिवस और होली मिलन




**बलौदाबाजार।** जिला साहू छात्रावास भवन में रविवार को स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तर पर सेवानिवृत्त हो चुके स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों के सम्मान, मीडिया कर्मियों के सम्मान, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संघ की ओर से स्मृति चिन्ह, गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं देश के चौथे स्तंभ मीडिया से जुड़े पत्रकारों का भी स्मृति चिन्ह, गमछा और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। होली मिलन पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरोज बाघमार प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, विजय कुमार साहू जिला अध्यक्ष, सुश्री बालेश्वरी साहू जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं डॉ. एलएस ध्रुव जिला संयोजक छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन उपस्थित थे। इस अवसर पर दिगेंद्र वर्मा कार्यकारिणी अध्यक्ष, रिपु सुदन साहू जिला उपाध्यक्ष, सत्यनारायण यादव जिला सचिव, टूपेंद यदु जिला प्रवक्ता, चेतन क्षत्रिय जिला सलाहकार, धर्मेंद्र जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष, दुर्गेश साहू जिला महामंत्री, तरुण डडसेना जिला मीडिया प्रभारी, कमलेश अजगले जिला सलाहकार, पी.आर. मार्कण्डेय जिला सलाहकार, अमित साहू जिला अध्यक्ष सारंगढ़, लोकेश साहू जिला सचिव सारंगढ़, राजकुमार वर्मा, उत्तम प्रकाश वर्मा, भास्कर वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, वंदना वर्मा, करुणा सेन व संगीता साहू ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित जिले भर से स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नवा रायपुर में डीएड अभ्यर्थियों का आमरण अनशन, अब विधानसभा में गूंजेगा मामला

**रायपुर।** नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर पिछले ढाई माह से आमरण-अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को भी अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल पर होली त्योहार मनाया। डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा अब 11 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में गूंजेगा। सरायपाली क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद, धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया के अलावा बिलाईगढ़ क्षेत्र के विधायक कविता प्राणा लहरे विधानसभा में इस मुद्दे पर सवाल लगाए हैं। डीएड अभ्यर्थी संघर्ष समिति के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्त की मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। हमारी प्रमुख मांग हैं कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन हो। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए।

## होरीलाल सिमगा राज और शिवधारी बनें नगर देवांगन समाज के अध्यक्ष

**सिमगा।** शीतला पारा स्थित देवांगन समाज के भवन में समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई, जहां सर्वसम्मति से अधिवक्ता होरीलाल देवांगन को सिमगा राज देवांगन समाज का अध्यक्ष एवं शिवधारी देवांगन को नगर देवांगन समाज का अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही अन्य पदाधिकारियों का चयन भी हुआ, जहां सिमगा राज के संरक्षक सरजू प्रसाद देवांगन, शिव देवांगन एवं शिवधारी देवांगन, उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, अशोक देवांगन, सचिव रामकुमार देवांगन, सहसचिव योगेश देवांगन, कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन एवं नगर देवांगन समाज के संरक्षक राजेश देवांगन, उपाध्यक्ष रोहित देवांगन, सचिव राम देवांगन, सहसचिव ताराचंद देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र देवांगन चुने गए। इस बैठक में तरेंगा राज देवांगन समाज पलारी राज के पदाधिकारी शामिल हुए। तरेंगा राज के सरंक्षक परस देवांगन ने और होरीलाल देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को पलारी राज के अध्यक्ष संतोष देवांगन ने भी संबोधित किया।



# नगर के वार्ड चार में खुली उचित मूल्य की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय वार्ड 4 के सामुदायिक भवन में गौरांशी महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उचित मूल्य दुकान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा किया गया।

वार्ड के नागरिकों को सुगमता पूर्वक खाद्यान्न का आबंटन प्रदाय किया जा सके, इसी दृष्टिकोण से उक्त उचित मूल्य की दुकान शुरू की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने गौरांशी महिला स्व सहायता समूह द्वारा इसका संचालन किये जाने पर समूह की अध्यक्ष एवं पार्षद श्रद्धा मनीष वर्मा व सचिव रानी सिन्हा सहित सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्य दुकानों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण वार्ड की जनता को लाइन लगाकर चावल एवं खाद्यान्न सामग्री लेना पड़ता है, ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अनुरूप वार्ड में उचित मूल्य की दुकान प्रारंभ होने से जन सामान्य को आसानी से खाद्यान्न का आबंटन प्राप्त होगा, यह शासन द्वारा जन सामान्य को सुविधा देने के लिए सार्थक प्रयास है, जिसका लाभ वार्ड की जनता को मिलेगा।




वितरण केन्द्र प्रारम्भ पर नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद एवं सभापति मनोज कांत पुरैना, ममता सुभाष राव, डिगेश्वरी रविन्द्र नामदेव, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल पूजन में उपस्थित थे।

वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के नागरिकों के लिए संचालित उचित मूल्य की दुकान का लाभ वार्ड वासियों को प्राप्त होगा। खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की देखरेख में महिला स्व- सहायता समूह द्वारा दुकान का संचालन किया जाएगा। दुकान शुभारंभ पर गौरांशी महिला स्व-सहायता समूह की सतरूपा वर्मा, भूमिका वर्मा, हेमा पदमवार, गीता सेन, मालती यादव, श्वेता पटेल, लीना पाण्डे सहित वार्ड की अन्य महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित थे।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 मार्च 2026
SHOW TIME
मुरली (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00 PM
सुपर हीरोस हिन्दी
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# ईको-पर्यटन ग्राम की ओर अग्रसर धमनी, नौका विहार सुविधा का शुभारंभ

## वन प्रबंधन समितियों की आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ईको-पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय समुदाय के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करने की दिशा में धमनी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत ईको पर्यटन ग्राम धमनी में नौका विहार सुविधा का शुभारंभ किया गया।महानदी तट पर स्थित धमनी का प्राकृतिक परिवेश लंबे समय से पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। इसी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यहां ईको-पर्यटन गतिविधियों का क्रमिक विकास किया जा रहा है। नौका विहार सुविधा प्रारंभ होने से अब पर्यटक प्राकृतिक वातावरण के बीच नदी में नौकायन का आनंद ले सकेंगे, जिससे क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान मिलेगी। इस कार्यक्रम में वन प्रबंधन समितियों के सदस्य, स्थानीय युवा तथा वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर तथा परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार प्रखर नायक प्रशिक्षु एसी एफ भी उपस्थित थे।वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि ईको-पर्यटन आधारित ऐसी पहले वन संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



### पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही विकसित

वन प्रबंधन समितियों के आजीविका उपार्जन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार की ईको-पर्यटन गतिविधियों को विकसित किया जा रहा है। इसे एक ईको-विलेज के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जहां इको-पर्यटन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही पर्यटकों के रुकने की व्यवस्था भी विकसित की जा रही है, जिससे प्राकृतिक परिवेश में पर्यटन का अनुभव और बेहतर हो सके। इस पूरे क्षेत्र का विकास प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं उनके सतत उपयोग को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### भजन संध्या में उमड़ी गौ भक्तों की भीड़

**खरोरा।** समीप ग्राम केसला बरडीह रोड स्थित श्री हरि एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर गौ माता धाम में एक शाम घायल गौ माता के नाम श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्त और गौ सेवक शामिल हुए। भजन संध्या में बिलासपुर की गायिका रुचिता तिवारी एवं तिल्दा-नेवरा के गायक टीनू शर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों से पूरे गौ धाम का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्री हरि एनिमल केयर रेस्क्यू सेंटर की टीम के अनुराग अग्रवाल, सतविंदर सिंह (रिंकू) बग्गा, मनोज वर्मा, भगवती देवांगन, सजन अग्रवाल और आरती देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गौ भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग और स्नेह के लिए आभार जताया।

### प्राथमिक स्कूल में न्योता भोज का आयोजन





**खरोरा।** प्राथमिक शाला सुंदरा में आओ खुशियां बांटे योजना अंतर्गत शिक्षक गिरिजेश कुमार साहू के जन्म दिवस पर विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को खीर पूरी, मिठाई एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच बालक दास मानिकपुरी एवं खरोरा मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव शाला विकास समिति की अध्यक्ष कलावती गायकवाड़, शिक्षक राकेश कुमार शर्मा, रसोईया चंद्रिका यादव एवं उषा यादव ने शिक्षक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। गिरजेश साहू के इस कार्य के लिए प्रधानपाठक गजेंद्र कुमार देवांगन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### सर्वे और सीमांकन के बाद अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं किया

**रायपुर।** राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन मार्केट को तोड़कर छहमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना अटक गई है। 7 माह बीतने बाद भी नगर निगम पुराने बाजार का कायाकल्प करने अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं कर पाया है। जबकि नवीन मार्केट के री-डेवलपमेंट प्लान के लिए पूर्व में ही नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया। रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा ने इसका री-डेवलपमेंट प्लान तैयार किया। इस बाजार को पंडरी जैसे व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिए जाने की योजना थी।

## निधन

### देवशिर बाई ध्रुव



**भाटापारा।** नयापारा वार्ड निवासी देवशिर बाई ध्रुव का निधन 8 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हिंदू मुक्तिधाम रामसागर वार्ड में किया गया। वे कांग्रेस नेता, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेट अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस गणेश सिंह ध्रुव की माताजी थीं।

## देवसुन्द्रा में साहू समाज का सामूहिक आदर्श विवाह एवं राजिम जयंती समारोह

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में 27 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव पलारी विकासखंड के ग्राम देवसुन्द्रा में आयोजित साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह एवं राजिम जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में 27 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, प्रदेश संगठन सचिव प्रदीप साहू, जिला अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष राजाराम साहू, महेंद्र मोनू साहू, अंजलि विमल साहू, गोपी साहू, चंद्रप्रभा साहू, टिकेश्वरी कुंदन साहू, जामवंती नीलकमल साहू, सरोज विनय साहू, जीवन साहू, ग्राम पंचायत देवसुंद्रा सरपंच अभिराम साहू सहित तहसील साहू संघ पलारी सरक्षक रोहित साहू, तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू, दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष, गणपत साहू, उमाशंकर साहू, डोमन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवसुंद्रा खिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।



### सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का उदाहरण

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकजुटता और पारिवारिक मूल्यों का अद्भुत उदाहरण है। पिछले 50 वर्षों से निरंतर इस परंपरा को निभाना अनुकरणीय है। समाज में एकजुटता और सहयोग का यह स्वरूप हमें भविष्य के लिए नई प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

### सामूहिक विवाह आज सामाजिक आंदोलन बन चुका है

कसडोल विधायक व राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संदीप साहू ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में शुरू किया गया यह सामूहिक विवाह आयोजन आज एक सामाजिक आंदोलन बन चुका है। यह केवल विवाह नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सह-अस्तित्व और समानता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए समाज की इस सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।



### दहेज प्रथा के खिलाफ प्रेरणादायक पहल

प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने साहू समाज द्वारा आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में शिरकत की, जहां उन्होंने नव दंपत्तियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने साहू समाज की इस पहल को सामाजिक समरसता, सादगी और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध एक प्रशंसनीय कदम बताया।

### आदिवासी समाज की परंपरा और रीति रिवाज प्रशंसनीय : जिपं अध्यक्ष जायसवाल

**बलौदाबाजार।** जिला के जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कोलियारी (चक) में आदिवासी सामाज के तत्वावधान में सामूहिक समाजिक विवाह का आयोजन ग्राम के महाकाल प्रांगण में दो दिवसीय सामूहिक विवाह आयोजन आदिवासी रीति रिवाजों के साथ विधिवत सम्पन्न हुआ। आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 26 जोड़ो वर-वधु का विवाह कराया गया। आयोजिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल उपस्थित रहीं। उक्त अवसर पर अकांक्षा जायसवाल ने कहा कि ग्राम कोलियारी चक के आदिवासी भाईयों द्वारा प्रति वर्ष कई जोड़े वर-वधु का विधिवत विवाह सम्पन्न कराया जाता है, जो अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। इनके इस प्रयास से प्रति वर्ष आदिवासी समाज के लडके एवं लड़कियों का विवाह कराया जाता है और इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक रिति रिवाजों का निष्ठापूर्वक पालन किया जाता है जो सराहनीय है। आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी इसी प्रकार उत्कृष्ठ कार्यक्रम कराते रहें। सामूहिक विवाह के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, मेमसिंह उईके, सरपंच गोड़ समाज कोलियारी चक, राजेश नेताम जनपद सदस्य, प्रदीप छेदैहा सरपंच ग्राम पंचायत कोलियारी एवं आसपास ग्रामों के सरपंच आदिवासी समाज के प्रमुख वरिष्ठ नागरिकगण वर-वधु के परिवारजन एवं अन्य ग्रामवासी भारी संख्या में वर वधु को आर्शीवाद देने उपस्थित थे।



## ई-कॉमर्स के माध्यम से बाजार विस्तार पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रैम्प योजना अंतर्गत भारत सरकार के ऑनलाइन जेम पोर्टल में ऑनबोर्ड होने की प्रक्रिया से अवगत कराये जाने रैम्प योजना के मार्केट लिंकेज इंटरवेशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के तत्वावधान में किया गया।

- जेम टीम ने दी खरीदी और बिक्री की दी जानकारी

कार्यशाला में उप संचालक, उद्योग मौसमी राह ने जेम से खरीदी के संबंध में राज्य शासन भण्डार क्रय नियम 2002 यथासंशोधित की जारी अधिसूचना 10 दिसम्बर 2025 का पालन करने एवं उनके नियमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यशाला में जेम से खरीदी करने पर शासकीय कार्यालयों, उद्यमियों और विक्रेताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), रायपुर के राकेश कुमार तिवारी पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, निशा नेताम मडावी, जीएमडीआईसी गुनेश्वरी साहू सहित जिले के स्थानीय वेन्डर एवं एमएसएमई प्रतिनिधि शामिल थे।

### लेटते हुए दर्शन के लिए पहुंची सत्यावती व रेशमी

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड नामयण समारोह में महान संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना और संध्या महाआरती में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। जिसमें अनेक मंडली अपने मानस नामायण की प्रस्तुति दे रहे है। इस अवसर पर सत्यवती और रेशमी नरियर से बाबा का जाप करते हुए, बाबा दर्शन के लिए जैतखाम चौक से बाबा के मंदिर लेटते हुए पहुंची।

# अग्रवाल महिला मंडल ने होली मिलन के साथ महिला दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



अग्रवाल महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। महिला मंडल की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि महिला मंडल की सभी सदस्य मिल-जुलकर एकजुटता के साथ कार्य करती हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। होली मिलन के अवसर पर हौजी और लकी गेम जैसे मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हौजी प्रतियोगिता में शिल्पी चावला, माया अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सुरुचि अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल ने जीत हासिल की। वहीं लकी गेम में प्रथम स्थान कृष्णा अग्रवाल तथा द्वितीय स्थान रुचि अग्रवाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कृष्णा अग्रवाल ने सभी महिलाओं और बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और महिला मंडल के कार्यों को सराहनीय बताया।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में एक युवक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रवि बंजारे निवासी वार्ड नं 03 ग्राम कोसरंगी भाठापारा ने बताया कि ग्राम कोसरंगी के सिद्ध बाबा मंदिर चौक के पास उसका फल और किराना दुकान है, जिसमें ईशु साहू ग्राम कोसरंगी उसके साथ काम करता है। 8 मार्च को वह और ईशु साहू दुकान बंद करके ठेला को चलाते हुये घर ले जा रहा था। रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम कोसरंगी के भाठापारा चौक पुलिया के पास योगेश साहू ने उसे देखकर पुरानी रंजिशवश गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में पहने कड़े से एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# संयंत्र ने तालाब सौंदर्यीकरण के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र द्वारा ग्राम पंचायत कुकुरदी में तालाब सौंदर्यीकरण हेतु भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम सरपंच टिकेश्वर ध्रुव, उपसरपंच डोमार साहू एवं गणमान्य नागरिकों व बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच व ग्रामीणों तथा अल्ट्राटेक से उपस्थित अधिकारियों के उपस्थिति में हुआ। अल्ट्राटेक सीएआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि तालाब का सौंदर्यीकरण जहां लोगों को निस्तारी के लिए सालभर साफ पानी मिलेगा, वहीं जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच, उपसरपंच तथा उपस्थित ग्रामीणों द्वारा अल्ट्राटेक प्रबंध को उनके जनहितैषी कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम से दया वर्मा, परमेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

## कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रहीं

# होली मिलन में महिला और बालिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



स्थानीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भवन पुष्प मंगलम में समाज का होली मिलन और वरिष्ठ महिला एवं विभिन्न संस्थानों में कार्यरत महिलाएं व बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय परम्परा एवं औषधि पादप बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अजय शुक्ला का नगर आगमन हुआ। ब्राह्मण समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। समाज के होली मिलन कार्यक्रम में अजय शुक्ला का समाज के वरिष्ठजनों द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों ने विश्व महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान की प्रशंसा करते हुए होली मिलन रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यकम का सफल संचालन स्वर्णलता त्रिवेदी, स्वाति तिवारी ने किया। तृप्ति शुक्ला, सुनीता तिवारी, नीलम तिवारी, अदिति मिश्रा सहित अनेक महिलाओं एवं बालिकाओं ने विशेष सहयोग देकर कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सुपर सीनियर वर्ग में गंगा देवी एवं सुशीला का विशेष सम्मान

होली मिलन एवं विश्व महिला दिवस पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं, विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत महिला एवं बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम में रायपुर से कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरुण शुक्ला, वर्तमान अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजेश दीक्षित, नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, रज्जन अग्निहोत्री, अनुराग पाण्डेय, लखन बाजपेयी एवं स्थानीय स्तर पर समाज के संरक्षक बसंत पांडेय, नंदकिशोर तिवारी, समाज के अध्यक्ष अटल त्रिवेदी, उपाध्यक द्वय राजीव तिवारी, शैलेश तिवारी, मनोज मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रकांता तिवारी, सचिव साधना मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष शशि दुबे, प्रेमलता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। सुपर सीनियर में गंगा देवी तिवारी, सुशीला त्रिवेदी के विशेष सम्मान के साथ साथ 65 वर्ष से अधिक आयु एवं विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत समाज की बहन बेटियों एवं बहुओं का सम्मान भी किया गया।

